RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 ▪ मुंबई : मंगलवार 15 अगस्त 2023 ▪ वर्ष 05 ▪ अंक 110 ▪ संपादक : फैसल शेख ▪ पृष्ठ : 8 ▪ कीमत : 03 रुपये


# दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

HAPPY INDEPENDENCE DAY 15th AUGUST

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App


## जेल से बाहर आए पूर्व मंत्री नवाब मलिक



**मुंबई:** राकांपा नेता और पूर्व मंत्री नवाब मलिक सोमवार को मुंबई सेशन कोर्ट से जमानत की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जेल से बाहर आ गए। किडनी के इलाज के लिए उन्हें कुर्ला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रिहाई की खबर मिलते ही अस्पताल के बाहर मलिक समर्थकों की भारी भीड़ जमा हो गई। कुछ दिनों पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें स्वास्थ्य के आधार पर दो माह की जमानत दी थी। नवाब मलिक को ईडी ने 23 फरवरी, 2022 को गोवावाला परिसर में मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया था।

मलिक को तकरीबन एक साल पांच महीने बाद जेल से रिहा किया गया। किडनी के इलाज के लिए उन्हें कुर्ला स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मलिक की रिहाई की खबर सुनकर उनके कार्यकर्ता अस्पताल परिसर में जमा हो गए। मलिक की रिहाई के बाद सांसद सुप्रिया सुले भी अस्पताल पहुंचीं। इस समय मलिक के कार्यकर्ताओं ने ढोल बजाकर रिहाई की खुशी मनाई। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद मुंबई सत्र न्यायालय में नियम और शर्तों को लेकर सुनवाई हुई। सेशन कोर्ट ने मलिक को 50 हजार रुपए की जमानत राशि, गवाहों को न डराने, घर का पता और मोबाइल नंबर देने, पासपोर्ट सरेंडर करने, मीडिया से बात न करने और आपराधिक गतिविधियों में भाग न लेने की शर्तों पर जमानत दी। जमानत पर रिहा होने के बाद नवाब मलिक राकांपा के किस खेमे के साथ जाएंगे, इसे लेकर अटकलों का दौर जारी है।

## हत्या की कोशिश का आरोपी गिरफ्तार

### आरोपी पर हैं आठ गंभीर मामले दर्ज

**मुंबई :** भोईवाड़ा पुलिस ने उस्तरा से गले पर हमला करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शिकायतकर्ता से पूछा कि वह कहां जा रहा है। इसका जवाब जब शिकायतकर्ता ने नही दिया तब आरोपी ने उसपर उस्तरा निकालकर हमला कर दिया। जिसमें उसका गला कट गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सीनियर इंस्पेक्टर सुभाष बोराटे ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसे अदालत में पेश किया गया जहां से उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता पुष्पेंद्रकुमार लोन्धी ने शिकायत दी कि जब वह समान की डिलीवरी के लिए अपनी दुकान से निकला तब उसे आरोपी अमित सोरटे ने बुलाया। लेकिन उसने उसपर ध्यान नहीं दिया और आगे बढ़ गया। इससे वह नाराज हो गया और मोजे में रखा हुआ उस्तरा निकालकर लोन्धी के गले पर हमला कर दिया। लोन्धी उससे बचने के लिए वहां से हट गया लेकिन उस्तरा उसके गले पर लग गया। जिसमें वह जख्मी हो गया। जिसके बाद उसे केईएम अस्पताल ले जाया गया। वाहन मौजूद पुलिसकर्मियों ने भोईवाड़ा पुलिस को जानकारी दी। जिसके बाद मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी सोरटे को गिरफ्तार कर लिया गया।

## ट्वीट के माध्यम से भाजपा शहर अध्यक्ष आशीष सेलार ने पार्टी में शामिल होने की दी जानकारी

## जुमा मस्जिद बॉम्बे ट्रस्ट के अध्यक्ष शोएब खतीब का सस्पेंस...

### भाजपा की शाल पहनी फोटो वायरल होने के बाद वीडियो जारी कर कहा किसी पार्टी में नहीं हुआ शामिल!






**मुंबई :** जुमा मस्जिद बॉम्बे ट्रस्ट के अध्यक्ष शोएब खतीब एक अन्य ट्रस्टी हसीब अजीम किरकिरे के साथ शनिवार को बीजेपी में शामिल हो गए । मस्जिद ट्रस्ट के कार्यालय में भाजपा शहर अध्यक्ष और विधायक आशीष शेलार और हैदर आजम, संजय उपाध्याय, अतुल शाह और राज पुरोहित जैसे पार्टी नेताओं की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए ।भाजपा शहर अध्यक्ष और विधायक आशीष शेलार ने अपने हाथों से उन्हें भाजपा कि शाल पहनाकर उनका स्वागत किया । आशीष शेलार ने इसकी पुष्टी अपने सोशल मीडिया एकाउंट में की है, लेकिन जुमा मस्जिद बॉम्बे ट्रस्ट के अध्यक्ष शोएब खतीब ने इससे खारिज किया। फोटो वायरल होने के बाद वीडियो जारी कर उन्होंने कहा कि मैं किसी पार्टी में शामिल नहीं हुआ हूं। उन्हें लोग बदनाम कर रहे है ऐसा उन्होंने एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया।

## मनसे प्रमुख राज ठाकरे को भाजपा का ऑफर?

**मुंबई :** महाराष्ट्र नव निर्माण सेना (मनसे) को भाजपा की तरफ से महायुति में शामिल होने का ऑफर मिला है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में इस बात का दावा किया गया है। खबरों में कहा गया कि सोमवार को बांद्रा स्थित एमआईजी क्लब में मनसे की संगठनात्मक बैठक हुई। इस बैठक में पार्टी नेता, महासचिव और अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे। आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने के लिए इस बैठक का आयोजन किया गया था। खबरों के अनुसार इस बैठक में मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने कहा कि उन्हें भाजपा ने ऑफर दिया है, लेकिन उन्होंने अभी इस बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है। शिंदे गुट के मंत्री दीपक केसरकर ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राज ठाकरे हमारे साथ आए, यह हमारी इच्छा है। जब भी मुंबई के हित की बात आएगी, वे हमारे साथ होंगे। मंत्री ने कहा कि जब भी नए बदलाव होते हैं तो कुछ रूकावटें आती है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि ये रूकावट स्थाई है। हम चाहते हैं कि वे हमारे साथ रहें, लेकिन यह फैसला भाजपा और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को लेना है।



## संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

### बातचीत से हल निकले

पूर्वी लद्दाख में LAC के पास बने गतिरोध को दूर करने के लिए भारत और चीन के बीच सैन्य स्तर की एक और बातचीत सोमवार को होने जा रही है। वैसे तो यह बातचीत का 19वां दौर है लेकिन इसे खास महत्व दिया जा रहा है तो उसकी कई वजहें हैं। यह बातचीत ऐसे समय हो रही है जब अगले सप्ताह ही साउथ अफ्रीका में ब्रिक्स देशों की शिखर बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की आमने-सामने मुलाकात होने वाली है। यही नहीं, अगले महीने यानी सितंबर में भारत में हो रहे G-20 देशों के शिखर सम्मेलन में भी राष्ट्रपति शी शामिल होने वाले हैं। ऐसे में दोनों तरफ जल्द से जल्द सहमति की गुंजाइश तलाशने को लेकर एक पॉजिटिव दबाव बनने की उम्मीद स्वाभाविक हो जाती है। याद किया जा सकता है कि 2017 में डोकलाम में दोनों देशों की सेनाओं के बीच ढाई महीने से चला आ रहा गतिरोध पीएम मोदी और राष्ट्रपति शी की तय मुलाकात से कुछ ही दिन पहले दूर हुआ था। तब ब्रिक्स देशों की ही चीन में होने वाली शिखर बैठक में दोनों नेता मिलने वाले थे। लेकिन यह बात भी सही है कि 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के रिश्तों में असामान्य गिरावट आई।

हालांकि लगातार बातचीत से LAC के कुछ विवादास्पद स्थानों पर सेना को पीछे ले जाने पर सहमति हासिल की जा चुकी है, लेकिन आज भी कुछ जगहों को लेकर विवाद बना हुआ है, साथ ही सीमा पर दोनों तरफ 50 हजार से ज्यादा सैनिक भी तैनात हैं। ऐसे में देशों के रिश्तों में विश्वास का संकट बना हुआ है। चीन का जोर इस बात पर है कि LAC के विवाद को दरकिनार करते हुए दोनों देश रिश्तों को सामान्य बनाने की कोशिश करें, लेकिन भारत ने साफ कर दिया है कि जब तक LAC पर 2020 से पहले की यथास्थिति नहीं कायम की जाती तब तक रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। अभी तो सबसे बड़ा सवाल है कि रिश्तों में आ चुके विश्वास के संकट को कैसे हल किया जाए, कौन से ऐसे कदम उठाए जाएं जिनसे विश्वास बहाली में मदद मिले और सीमा पर तैनात सैनिकों में टकराव की स्थिति न बने। लेकिन विवाद कितना भी गंभीर हो, मसला कितना भी जटिल हो, बातचीत के जरिए उसे सुलझाया जा सकता है और विवाद सुलझाने का यही सबसे अच्छा तरीका है। भारत और चीन के संदर्भ में अच्छी बात यह है कि सर्वोच्च नेतृत्व के स्तर पर पहले बेहतरीन पर्सनल केमिस्ट्री रही है और आज भी परस्पर संवाद को लेकर सकारात्मकता की भावना बनी हुई है। उम्मीद की जानी चाहिए कि यह सकारात्मकता बातचीत की मेज पर संवाद को सही दिशा देगी और दोनों पक्षों को सहमति तक पहुंचने में मदद करेगी।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई में लुटेरों ने 70 वर्षीय बुजुर्ग दंपति के मुंह पर टेप लगाया, महिला की मौत



**मुंबई:** मुंबई से एक दर्दनाक घटना सामने आई है. दक्षिण मुंबई के तारदेव में रविवार को तीन लुटेरों द्वारा एक फ्लैट में बुजुर्ग दंपति के मुंह पर कथित तौर पर टेप लगाकर और उनके हाथ बांधकर लूट को अंजाम देने का मामला सामने आया है. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना यूसुफ मंजिल इमारत में हुई और इसमें 70 वर्षीय महिला की मौत हो गई है, जबकि उसका पति घायल है. पुलिस अधिकारी के मुताबिक, घटना के समय पीड़ित सुरेखा अग्रवाल और उनके 75 वर्षीय पति मदन मोहन अग्रवाल फ्लैट में अकेले थे. तारदेव पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया, ''जब दंपति सुबह करीब छह बजे सैर के लिए अपने फ्लैट से बाहर निकल रहे थे, तभी तीन लुटेरे वहां पहुंचे. उन्होंने दंपति के मुंह पर टेप लगा दिया और उनके हाथ-पैर बांध दिए. इसके बाद वे सोने के आभूषण, घड़ियां और नकदी लेकर फरार हो गए.'' अधिकारी के अनुसार, आरोपियों के वहां से चले जाने के बाद पति किसी तरह फ्लैट के दरवाजे तक पहुंचा और अलार्म बटन दबाया, जिसके बाद हाउसिंग सोसाइटी से कोई उनकी मदद के लिए पहुंचा. इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया. पुलिस ने बताया कि जब तक पीड़ितों के पास मदद पहुंची, तब तक महिला बेहोश हो गई थीं.

बुजुर्ग महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की कई धाराओं के तहत एफआईआरप्रा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है.

# मीरा रोड में नाबालिग ने कोचिंग क्लास के मालिक को सरेआम मारा चाकू



**मुंबई :** मुंबई से सटे मीरा रोड में दिल दहला देने वाली एक घटना सामने आई है. मीरा-भायंदर के काशीमीरा इलाके में गुरुवार दोपहर सरेआम दोपहर करीब डेढ़ बजे एक 17 साल के लड़के ने कोचिंग क्लास के मालिक को चाकू से हमला कर दिया. घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कोचिंग क्लास के मालिक कुछ छात्रों के साथ सड़क पर खड़े हैं. इसी बीच एक लड़का आता है और वह चाकू से हमला करने लगता है. जिसके बाद वहां पर हड़कंप मच आ जाता है. घटना के बाद स्थनीय लोगों ने कोचिंग के मालिक को अस्पताल पहुंचाया. घटना के बाद कोचिंग के मालिक की पहचान राजू ठाकुर के रूप में हुई है. फिलहाल राजू ठाकुर की तबियत अब खतरे से बाहर है. वहीं वारदात के बाद पुलिस आरोपी ने अपने को पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है. वारदात को लेकर पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी के आधार पर मामले में जांच चल रही है.

# मुंबई में जुहू बीच पर जेलीफिश के डंक मारने से छह लोग घायल...



**मुंबई :** मुंबई में जुहू समुद्र तट पर सोमवार को जेलीफिश के डंक मारने से तीन बच्चों समेत छह लोग घायल हो गये। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बीएमसी के अधिकारी ने बताया कि मध्य रात्रि के बाद करीब 12 बजकर 20 मिनट पर समुद्र तट पर पानी के करीब टहलने के दौरान लोग जेलीफिश के डंक का शिकार हो गए। उन्होंने कहा कि चार से छह साल की उम्र के तीन बच्चे, 20 साल उम्र की दो महिलाएं और एक पुरुष घायल हो गया। अधिकारी ने कहा कि उन्हें पास के कूपर अस्पताल ले जाया गया और इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वर्ष 2018 में गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान मूर्ति विसर्जन के लिए गिरगांव चौपाटी पर समुद्र में गए कई लोगों को जेलीफिश ने डंक मार दिया था। जेलीफिश को मछली नहीं माना जाता है।

# अजित पवार के साथ 'सीक्रेट मीटिंग' पर शरद पवार की पहली प्रतिक्रिया...

## बीजेपी के साथ गठबंधन पर कहा...

मुंबई : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के साथ नहीं जाएगी, भले ही कुछ ''शुभचिंतक'' उन्हें इस बाबत मनाने की कोशिश कर रहे हैं. महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के सांगोला में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि अगर उनके भतीजे अजित पवार उनसे मिलते हैं, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है. महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना-बीजेपी सरकार में शामिल अजित पवार की अपने चाचा शरद पवार से शनिवार को पुणे में एक कारोबारी के आवास पर हुई 'गुप्त' बैठक से सियासी सरगर्मी बढ़ गई है.



**क्या बोले शरद पवार?**

शरद पवार ने कहा, ''मैं एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में यह स्पष्ट कर रहा हूं कि मेरी पार्टी (एनसीपी) बीजेपी के साथ नहीं जाएगी. भारतीय जनता पार्टी के साथ कोई भी जुड़ाव एनसीपी की राजनीतिक नीति में फिट नहीं बैठता है.'' उन्होंने यह भी कहा कि कुछ ''शुभचिंतक'' उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वह कभी भी बीजेपी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे. शरद पवार ने बिना नाम लिए कहा, ''हममें से कुछ (अजित पवार के नेतृत्व वाला एनसीपी समूह) ने अलग रुख अपनाया है. हमारे कुछ शुभचिंतक यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या हमारे रुख में कोई बदलाव हो सकता है. यही कारण है कि वे हमसे सौहार्दपूर्ण चर्चा करने की कोशिश कर रहे हैं.''

**'इंडिया' की मुंबई में होगी बैठक**

शरद पवार ने कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के कई नेता 31 अगस्त को मुंबई में बैठक करेंगे, जहां कई मुद्दों पर चर्चा होगी. एनसीपी प्रमुख ने यह भी कहा कि लोग राज्य की बागडोर महा विकास आघाडी (एमवीए) को सौंपेंगे, जिसमें शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), एनसीपी (शरद पवार समूह) और कांग्रेस शामिल हैं. शरद पवार ने रविवार को दिवंगत विधायक गणपतराव देशमुख की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए सोलापुर जिले में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस के साथ मंच साझा किया.

उन्होंने कहा कि केंद्र और महाराष्ट्र सरकार को राज्य के किसानों से संवाद करना चाहिए. पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा, ''अगर सरकार बदलती है, तो अधिकारियों को भी स्थानांतरित कर दिया जाता है, जिसका सीधा असर खेती उद्योग पर पड़ता है.'' शरद पवार ने कहा कि एनसीपी महाराष्ट्र के किसानों के साथ बातचीत शुरू करेगी और उनके मुद्दों को सरकार के समक्ष उठाएगी. एक सवाल के जवाब में शरद पवार ने कहा कि वह अभी तक एनसीपी के वरिष्ठ नेता नवाब मलिक से नहीं मिले हैं, जिन्हें हाल में धन शोधन मामले में उच्चतम न्यायालय ने अंतरिम जमानत दी थी.

### एनसीपी में टूट की कहानी

**अजित पवार ने पिछले महीने शिवसेना-बीजेपी सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की, जबकि उनके गुट के आठ अन्य एनसीपी विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली थी. अजित पवार के साथ बैठक के बारे में पूछे जाने पर शरद पवार ने कहा, ''मैं आपसे कहना चाहता हूं कि वह मेरे भतीजे हैं. भतीजे से मिलने में क्या बुराई है? यदि परिवार का कोई वरिष्ठ व्यक्ति परिवार के किसी अन्य सदस्य से मिलना चाहता है, तो इसमें कोई समस्या नहीं होनी चाहिए. अगर अजित पवार मुझसे मिलने आते हैं, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है. हम छिप-छिपकर नहीं मिलते.''**

## जयंत पाटिल के भाई को ईडी की मिली थी नोटिस

# जांच से जुड़े मामले की मांगी गई थी जानकारी

**मुंबई** : राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी की मुखिया शरद पवार और सरकार में शामिल हुए भतीजे अजित पवार के बीच हुई मीटिंग के बाद अब जयंत पाटिल के भाई जयसिंह राव पाटिल को ईडी की नोटिस मिलने की जानकारी सामने आई है। इसीके बाद दोनों पवार के बीच मीटिंग हुई, जिसमें जयंत पाटिल के भी शामिल होने की जानकारी सामने आई थी। हालांकि जयंत पाटिल ने नोटिस को लेकर मीटिंग की संभावनाओं से इनकार किया है और लगभग चार दिन पहले भाई को नोटिस मिलने की पुष्टि की। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जयसिंह राव पाटिल को जो नोटिस मिली थी उसमें कुछ जानकारी मांगी गई थी। जी ईडी को दे दी गई है। इससे पहले जयंत पाटिल को भी ईडी की नोटिस आईएल एंड एफएस कंपनी को लेकर की गई थी। करीब नौ घंटों तक 22 मई के दिन जयंत पाटिल से ईडी ने पूछताछ किया था। इसीके बाद फिर 2 जुलाई को अजित पवार ने बगावत की थी और सरकार में शामिल हुए थे।



**जयंत पाटिल ने क्या कहा?**

जानकारी निकालकर सामने आ रही थी कि अजित पवार की गट में जयंत पाटिल शामिल नहीं हुए इस वजह से उनके भाई के यह नोटिस मिली है। लेकिन जयंत पाटिल ने इस बात की तो पुष्टि की कि उनके भाई को नोटिस मिली थी, कुछ जानकारी मांगी गई थी। लेकिन मीटिंग पर उन्होंने कहा कि उनकी इस गुप्त मीटिंग में कोई भी चर्चा नोटिस को लेकर नहीं हुई है।

## मुख्यमंत्री शिंदे 15 अगस्त को करेंगे आईटीआई में 75 वर्चुअल कक्षाओं का उद्घाटन



**मुंबई** : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में 75 वर्चुअल कक्षाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके लिए कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा की उपस्थिति में स'ह्याद्री गेस्ट हाउस में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्री लोढ़ा ने रवविवार को यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वर्चुअल कक्षा में इंटरैक्टिव पैनल, कंप्यूटर सेवाएं और बैठक के लिए बेहतर व्यवस्था होगी। उन्होंने बताया कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'स्किल इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम के तहत राज्य के सभी 419 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में लागू की जाएगी। प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार विभाग के तहत व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण निदेशालय द्वारा राज्य में 419 सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं और 547 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के सुदृढ़ीकरण के लिए सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''इसके माध्यम से राज्य में युवाओं और युवतियों के लिए रोजगारोन्मुखी कौशल विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है।''


# एरिस स्ट्रेन के ८०फीसदी मामले बढ़, डब्ल्यूएचओ ने दी चेतावनी!



**मुंबई :** दुनिया पर एक बार फिर से कोरोना का कहर बरप सकता है। ओमायक्रॉन के नए 'एरिस' स्ट्रेन ने सभी की नींद उड़ा दी है। यह तेजी से पैष्ठल रहा है। ८० फीसदी मामले पिछले २८ दिनों में सामने आए हैं, वहीं कोरोना वायरस की लहर थमने के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मई में कोविड को स्वास्थ्य आपातकाल के दायरे से हटा दिया था, लेकिन नए स्ट्रेन के सामने आने के बाद डब्ल्यूएचओ इस वायरस से लोगों को सावधान रहने की सलाह दे रहा है। बता दें कि हिंदुस्थान में पहले ही इस वेरिएंट के मामले सामने आ चुके हैं। इसका पहला मामला मई २०२३ में महाराष्ट्र में सामने आया था। जानकारी के मुताबिक, १२ जून से ९ जुलाई के बीच दुनियाभर में ७९,४००० कोविड मामले सामने आए, जबकि १० जुलाई से ६ अगस्त के बीच नए कोविड मामलों की संख्या १५ लाख तक पहुंच गई। पिछले २८ दिनों में ८० फीसदी मामले सामने आए हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, इस दौरान कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या में ५७ फीसदी की कमी आई है। ओमायक्रॉन के सब-वेरिएंट ई.जी.५ अथवा एरिस के मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए डब्ल्यूएचओ द्वारा 'वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित किया गया था। जुलाई के मध्य में पाए गए कोरोना के १७ फीसदी मामले इसी प्रकार के थे। यह जून के मुकाबले ७.६ फीसदी ज्यादा था। ३१ जुलाई को ब्रिटेन में एरिस का एक मामला सामने आया था। इनमें से अधिकतर मामले अमेरिका, चीन और ब्रिटेन में ही पाए जा रहे हैं।

यूएन एजेंसी के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान, मलेशिया, ताइवान, न्यूजीलैंड जैसे देशों में कोरोना संक्रमण के मामलों में १३७ फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जापान जैसे उत्तरी गोलार्ध के देशों में गर्मी के साथ-साथ कोरोना के मरीज बढ़े हैं।

# थप्पड़ का बदला लेने के लिए पांच वर्षो तक इंतजार...
## अपहरण और हत्या




**मुंबई :** एक थप्पड़ का बदला लेने के लिए एक युवक ने पांच वर्षों तक इंतजार किया और मौका पाते ही अपने साथियों की मदद से पीड़ित का अपहरण किया और उसकी हत्या कर दी। इतना ही नहीं हत्या के बाद सबूत मिटाने के लिए शव को नदी में ठिकाने लगा दिया। यह घटना सुनने में जितना फिल्मी लगती है, उतनी ही खतरनाक है। इसी घटना पर प्रकाश डालती आज की तहकीकातङ्क क्या था मामला? बोरीवली के गोराई स्थित शिवसागर इमारत में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले गुट) के ब्राह्मण आघाड़ी मुंबई के अध्यक्ष मनीष श्रीकांत हर्षे मां और पत्नी के साथ रहते थे। ३ नवंबर २०२० की शाम ५ बजे दो लोगों ने मनीष को जबरन ऑटोरिक्शा में बैठाया और इमारत से लेकर चले गए। यह पूरी वारदात सोसायटी के बाहर लगे सीसीटीवी में वैष्ठद हो गई। इस घटना की जानकारी होते ही घर वालों ने बोरीवली पुलिस स्टेशन में अपहरण का मामला दर्ज कराया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू की।

जांच में पुलिस ने अपहरणकर्ताओं की सीसीटीवी वैष्ठमरे की मदद से पहचान उजागर की और उन्हें ट्रेस कर नगर के संगमनेर से पकड़ा। उनकी पहचान रिक्शा चालक महेश सूर्यकांत कुटे और दिनेश सूरज सिंह मेहरा के रूप में हुई। पूछताछ में खुलासा हुआ कि महेश और दिनेश ने मनीष को मारपीट कर लाश कलवा खाड़ी में फेंक दिया। दोनों आरोपियों ने मनीष की हत्या करने का जुर्म कबूल किया है। पूछताछ में इस बात का भी पता चला कि मनीष के अपहरण और हत्या का मास्टरमाइंड महेश कुटे है। महेश ने बताया था कि उसका मनीष के साथ पांच साल पहले झगड़ा हुआ था, इस दौरान मनीष ने उसे थप्पड़ मार दिया था। इस घटना के कई दिनों बाद मनीष और महेश का एक बार फिर से झगड़ा हो गया, जिसके बाद उसने मनीष को सबक सिखाने का निश्चय किया। इसके लिए महेश ने पहले मनीष के दोस्त दिनेश को अपने साथ मिलाया और फिर दोनों ने मिलकर उसकी हत्या करने की साजिश रची। इस साजिश का खुलासा होने के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अब चार्जशीट दाखिल कर दी है। आरोपियों के खिलाफ सबूत और गवाह भी कोर्ट में पेश किए गए हैं, जिस पर कोर्ट का पैष्ठसला आने वाला है।

# पब्लिक ट्रस्ट एक्ट के तहत पंजीकृत अस्पतालों को हाईकोर्ट की फटकार

**मुंबई :** पब्लिक ट्रस्ट एक्ट के तहत पंजीकृत अस्पतालों को हाईकोर्ट ने फटकार लगाई है। औरंगाबाद पीठ ने आदेश दिया है कि 'धमार्दाय' (चैरिटी) के तहत आने वाले सभी अस्पतालों को कुछ ऐसे प्रावधान करने चाहिए कि उनकी सभी योजनाओं की जानकारी आसानी से गरीबों को दिखाई दे। साथ ही हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि अस्पतालों को ऐसे 'धमार्दाय' वाले बोर्ड भी लगाने चाहिए। कोर्ट ने इसके लिए अस्पतालों को ३० दिन यानी एक महीने का समय दिया है।

चैरिटी अस्पतालों को अस्पताल के अंदर और बाहर मराठी में 'धमार्दाय' और अंग्रेजी में 'चैरिटेबल' लिखा बोर्ड लगाना होगा। जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान चैरिटी कमिश्नर ने राज्य में कुल चैरिटी अस्पतालों की संख्या, गरीबों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए उपलब्ध बिस्तरों, वास्तव में इलाज करा रहे मरीजों आदि के बारे में हाईकोर्ट को जानकारी दी।

# ४५ साल तक की आयु वाली महिलाओं में हृदय रोग का खतरा!



**मुंबई :** ४५ साल तक की आयु वाली महिलाओं में हृदय रोग का खतरा बढ़ गया है। चिकित्सकों के मुताबिक, महिलाओं में पुरुषों की तुलना में १० साल बाद कोरोनरी धमनी रोग विकसित होता है। लेकिन इसका स्वरूप अधिक गंभीर होता है। कई महिलाएं जिन्हें दिल का दौरा पड़ा है, उन्हें इसके बारे में पता ही नहीं होता है। ऐसे में पुरुषों की तरह ही महिलाओं का भी दिल कम उम्र में ही दगा देने लगा है। ऐसे में दिल में दिक्कत दिखाई देने पर बिना देर किए डॉक्टरों से उपचार कराने की सलाह विशेषज्ञ दे रहे हैं। इसमें थोड़ी भी कोताही बरतने पर मरीज की जान भी जा सकती है।

कई अध्ययनों से पता चला है कि हर चार में से एक महिला हृदय रोग से पीड़ित है। हृदय की पंपिंग क्षमता में कमी से हृदय की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। इसे 'डाइलेटेड कार्डियोमायोपैथी' कहा जाता है। ५५ वर्ष की आयु के बाद महिलाओं में इस बीमारी के विकसित होने का खतरा पांच गुना बढ़ जाता है। कार्डियोलॉजिस्टों के मुताबिक धूम्रपान, गलत जीवनशैली दिल के दौरे का कारण बन सकती है। इसलिए इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

डॉ. नेताजी मुलिक ने कहा कि हाइपरट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी एक अनुवांशिक बीमारी है, जो हृदय की मांसपेशियों से संबंधित है। उन्होंने कहा कि दिल का दौरा तब पड़ सकता है, जब शरीर में लवण, विशेष रूप से पोटेशियम और मैग्नीशियम, खत्म हो जाएं।

ज्यादातर महिलाओं को दिल की क्षति के बाद ही अस्पताल में भर्ती किया जाता है, क्योंकि ये लक्षण अक्सर दिल के दौरे से जुड़े नहीं होते हैं। ये लक्षण हृदय रोग से जुड़े गंभीर दर्द के बजाय हल्के हो सकते हैं। अक्सर महिलाएं घरेलू अथवा नौकरी संबंधी जिम्मेदारियों के कारण अपने स्वास्थ्य के साथ ही दिल की बीमारियों से जुड़े हल्के लक्षणों को भी नजरअंदाज कर देती हैं।

# उत्कृष्ट जांच के मामले में इस बार महाराष्ट्र पुलिस को एक भी पदक नहीं मिला

**मुंबई :** मुंबई पुलिस की तुलना स्कॉटलैंड यार्ड पुलिस से की जाती थी, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के लगातार तबादलों की राजनीति ने मुंबई सहित महाराष्ट्र की पुलिस को फिसड्डी बना दिया है। इसका नतीजा यह हुआ है कि उत्कृष्ट जांच के मामले में इस बार महाराष्ट्र पुलिस को एक भी पदक नहीं मिला है।

### देशभर से १४० पुलिस अधिकारियों को मेडल

गृह मंत्रालय ने २०२३ के लिए उत्कृष्ट जांच करनेवाले पुलिस अधिकारियों के लिए पदकों की घोषणा की है। इन पदकों के लिए देशभर से १४० अधिकारियों का चयन किया गया है, लेकिन इसमें महाराष्ट्र के किसी पुलिस अधिकारी का नाम शामिल नहीं है। अब यह चर्चा हो रही है कि जब देश के छोटे-छोटे राज्यों के पुलिस अधिकारियों को भी उत्कृष्ट जांच करने के लिए पदक मिल रहे हैं तो मुंबई सहित महाराष्ट्र पुलिस इस मामले में क्यों पीछे रह गई?



### सीबीआई अधिकारियों को सबसे ज्यादा मेडल

वर्ष २०२३ के लिए गृह मंत्रालय की जो सूची तैयार है, उसमें सबसे ज्यादा १५ पदक सीबीआई अधिकारियों को मिले हैं। इसके बाद १२ पदकों के साथ एनआईए दूसरे क्रमांक पर है। इसके बाद १० पदकों के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस तीसरे पायदान पर हैं। एनसीबी अधिकारियों को भी दो पदक मिले हैं।

### किस राज्य को मिले कितने पदक

सर्वश्रेष्ठ जांच के लिए देश के विभिन्न राज्यों की पुलिस को जो पदक मिले हैं। उनमें राजस्थान को ९, केरल को ९, तमिलनाडु को ८, पश्चिम बंगाल को ८, मध्य प्रदेश को ७, गुजरात को ६, कर्नाटक को ५, आंध्र प्रदेश को ५, तेलंगाना को ५, असम को ४, ओडिशा को ४, बिहार को ४, छत्तीसगढ़ को ३, हरियाणा को ३, झारखंड को २, पंजाब को २, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड, चंडीगढ़, अंडमान-निकोबार, दादरा नगर हवेली, लद्दाख, लक्षद्वीप, पुदुचेरी को १-१ पदक मिले हैं।




# ठाणे की सड़कें साफ कर रहा गुजराती ठेकेदार!

## महाराष्ट्र में सियासत, निशाने पर आए एकनाथ शिंदे

ठाणे: ईस्टर्न एक्सप्रेस वे सहित ठाणे की प्रमुख सड़कों की सफाई का ठेका गुजरात की कंपनी को दिए जाने को लेकर राजनीति गरमा गई है। स्वीपिंग मशीन को लेकर घूमने वाली गुजरात पासिंग गाडी का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद शहर में यह चर्चा का विषय बना गया है। ठाणे के तमाम लोगों का सवाल है कि क्या महाराष्ट्र में कोई सफाई कंपनी नहीं है, जो गुजरात के ठेकेदार को ठेका देना पड़ा? लोगों का यह भी कहना है कि राज्य में गुजरात लॉबी की मदद से आघाडी सरकार को गिराकर शिंदे सरकार को स्थापित किया गया और अब काम का ठेका भी गुजरात को दे दिया गया है। शिवसेना (यूबीटी) के ठाणे उप जिला प्रमुख पूर्व नगरसेवक संजय घाडीगांवकर ने इस मुद्दे को लेकर एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा है। घाडीगावकर ने कहा है कि जिसने खुद का स्वाभिमान गुजरात में गिरवी रख दिया है, वह शहर और राज्य का क्या भला करेगा?

इस बारे में मनपा के किसी भी अधिकारी ने कुछ कहने से इनकार कर दिया। एक अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की कि सफाई काम का ठेका जिस कंपनी को दिया गया है, वह गुजरात की है और इस कंपनी को यह काम एक साल के लिए दिया गया है।

**स्वीपिंग मशीनें आ रहीं**

17 जून 2023 को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों दो स्वीपिंग मशीन का लोकार्पण हुआ था। चार और स्वीपिंग मशीनें अगले कुछ दिन में आने वाली हैं। मशीनें सड़क पर पड़ा कचरा, धूल को साफ करेंगी। क्षेत्र की मुख्य सड़कों और कंक्रीट सड़कों की सफाई स्वीपिंग मशीन से की जाएगी। आयुक्त अभिजीत बांगर ने बताया था कि मशीनी सफाई मैन्युअल सफाई का विकल्प नहीं है। लेकिन, जो मैनपावर बचेगा उसे दूसरी जगह इस्तेमाल किया जाएगा।

# जीआरपी जांच टीम ने जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में अपराध स्थल को फिर से बनाया

मुंबई: सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) की एक टीम ने 31 जुलाई को एक आरपीएफ कांस्टेबल द्वारा कथित तौर पर अपने वरिष्ठ अधिकारी की हत्या करने की घटना की जांच के तहत जयपुर-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस के अंदर एक कार शेड में मंगलवार को अपराध स्थल को फिर से बनाया। एक अधिकारी ने कहा, चलती ट्रेन में तीन यात्री।

उन्होंने कहा, बोरीवली रेलवे पुलिस स्टेशन की जीआरपी टीम मुंबई सेंट्रल कार शेड गई जहां ट्रेन खड़ी थी और उन डिब्बों का दौरा किया जहां हत्याएं हुई थीं।

अधिकारी ने कहा, जब अपराध स्थल को दोबारा बनाया गया तो मुख्य गवाह और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

हालांकि, आरपीएफ कांस्टेबल चेतन सिंह, जिस पर अपने वरिष्ठ, सहायक उप-निरीक्षक टीकाराम मीना और मुंबई जाने वाली ट्रेन की विभिन्न बोगियों में यात्रा कर रहे तीन यात्रियों को अपने स्वचालित हथियार से गोली मारने का आरोप है, अभ्यास के दौरान मौजूद नहीं थे, उन्होंने कहा।

सिंह (34) फिलहाल जीआरपी की हिरासत में हैं।

सिंह की पुलिस रिमांड बढ़ाने की मांग करते हुए जीआरपी ने सोमवार को अपने आवेदन में अदालत से कहा था कि वे आरोपी को अपराध स्थल पर ले जाना चाहते हैं।

जांच टीम ने ट्रेन से सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर लिया है और भीषण हत्याओं के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए उनकी जांच कर रही है, जिसका मकसद अभी तक स्पष्ट नहीं है।

उन्होंने बताया किटीम ने प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी दर्ज किए हैं।

गोलीबारी पिछले सोमवार (31 जुलाई) को तड़के हुई जब जयपुर-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस वित्तीय राजधानी के बाहरी इलाके में पालघर स्टेशन के पास थी।

बाद में यात्रियों द्वारा मीरा रोड स्टेशन (मुंबई उपनगरीय नेटवर्क पर) के पास रुकी ट्रेन की चेन खींचने के बाद भागने की कोशिश करते समय सिंह को उसके हथियार के साथ पकड़ लिया गया।

मृतक यात्रियों की पहचान पालघर जिले के नालासोपारा निवासी अब्दुल कादरभाई मोहम्मद हुसैन भानपुरवाला (48), बिहार के मधुबनी के मूल निवासी असगर अब्बास शेख (48) और मूल रूप से कर्नाटक के बीदर के रहने वाले सैय्यद सैफुद्दीन के रूप में हुई, जो हैदराबाद में बस गए थे। रेलवे बोर्ड ने घटना की अलग से जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है।

# ठाणे में फर्जी कागजों पर बना दीं ५५ इमारतें, रेरा ने भी लगा दी मुहर

ठाणे : एक ऐसा गिरोह जिसकी ठगी की कहानी हैरान कर देगी. ठगों की मदद से बिल्डिरों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 55 इमारतें बना दीं और किसी सरकारी अधिकारी को इसकी भनक तक नहीं लगी. यहीं नहीं, इन इमारतों के निर्माण को लेकर रेरा से मंजूरी भी मिल गई. जानकारी के मुताबिक, रुद्राक्ष नाम की इमारत से इस ठगी की कहानी का खुलासा हुआ है. इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है.

मुंबई से सटे ठाणे में ठगी करने का बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है. वसई विरार में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एक-दो नहीं, बल्कि 55 इमारतों का निर्माण करा दिया गया. पुलिस को जांच में पता चला कि फर्जी स्टांप, लेटरहेड, नगर पालिका, कलेक्टर सिडको और माध्यमिक पंजीकृत कार्यालयों के अनुबंधों का उपयोग करके दस्तावेज बनाए गए हैं.

600 फर्जी लैटर हेड बरामद

पुलिस के मुताबिक, फर्जी नगर निगम के लेटरहेड पर निर्माण अनुमति (सीसी), फर्जी संयुक्त समापन प्रमाणपत्र (पीसीसी) और फर्जी अधिभोग प्रमाणपत्र (ओसी) तैयार किया कर बिल्डरों को मुहैया कराया गया था. बिल्डर इन फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ही इमारत खड़ी कर दिए. आरोपियों के पास से कुल 115 विभागों से जुड़े स्टैम्प, 600 फर्जी लैटर हेड और सिडको के 500 लेटर पैड बरामद किए गए हैं. साथ ही उनके पास से नक्शा, स्टैम्प बनाने की मशीन, प्रिंटर और कंप्यूटर भी जब्त किए गए हैं.

आरोपी विभागों की फर्जी मोहरें तैयार करते थे

पुलिस ने कहा है कि आरोपी विभिन्न विभागों की फर्जी मोहरें तैयार करते थे और इसे बिल्डरों को मोटी कीमत पर उपलब्ध कराते थे. विरार पुलिस ने इस मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके नाम मछिंद्र वनमाने, दिलीप अदखले, प्रशांत पाटिल, दिलीप बेनवंशी और राजेंद्र नाइक है.इन आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सेकेंडरी रजिस्ट्रार के यहां रजिस्ट्रेशन कराकर रेरा के तहत मंजूरी हासिल कर ली थी.यानी कि रेरा जैसी संस्था को भी गुमराह किया गया था.

इमारतों से जुड़े बिल्डर भी पुलिस की रडार पर

विरार पुलिस स्टेशन के अधिकारी (सीनियर झख) राजेन्द्र काम्बले ने बताया कि आरोपियों के पास से आर्किटेक्ट और वकील आदि के भी 93 नकली स्टांप भी बरामद किए गए हैं. साथ ही विभिन्न डेवलपर्स के 22 नकली रबर स्टांप की भी बरामदगी की गई है. इनके पास से 55 इमारतों की फाइलें मिली हैं. पुलिस को इमारतों का निर्माण फर्जी दस्तावेजों के आधार पर होने का शक है. ऐसे में इन 55 इमारतों से जुड़े बिल्डर भी पुलिस की रडार पर हैं.

# दादर स्टेशन पर छेड़छाड़ का विरोध करने वाली महिला को ट्रेन से धक्का दे दिया गया

मुंबई: पुलिस ने सोमवार को बताया कि दादर स्टेशन पर आरोपी द्वारा छेड़छाड़ की कोशिश का विरोध करने की कोशिश में एक 29 वर्षीय महिला को ट्रेन से बाहर धक्का दे दिया गया। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात की है और मामले में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. दादर स्टेशन पर ट्रेन से बाहर फेंके जाने के बाद 29 साल की एक महिला यात्री घायल हो गई। यह घटना 6 अगस्त को पुणे से मुंबई आ रही उद्यान एक्सप्रेस के महिला डिब्बे में हुई, मुंबई रेलवे पुलिस के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है। पुलिस ने बताया कि घटना में पीड़िता को चोटें आयी हैं. आरोपी ने पीड़िता से छेड़छाड़ करने की कोशिश की, लेकिन जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसे चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, जीआरपी पुलिस ने आरोपी को सीएसएमटी स्टेशन पर गिरफ्तार कर लिया। दादर सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) द्वारा भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# हथौड़ा मारकर बहन के लिव इन पार्टनर की हत्या

## पुलिस को सबूत न मिले इसलिए लाश को नदी मे फेंका, तीन गिरफ्तार

ठाणे : महाराष्ट्र के ठाणे जिले में दो भाइयों ने एक दोस्त के साथ मिलकर अपनी बहन के लिव-इन पार्टनर की हथौड़ा मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद दोनों भाइयों ने लाश को नदी में फेंक दिया। पुलिस नदी में लाश की तलाश कर रही है। कल्याण पुलिस ने शनिवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, मृतक शहबाज शेख आरोपियों की बहन मुमताज के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहता था। मुमताज का चार साल पहले तलाक हो चुका है। शहबाज और मुमताज के बीच में अक्सर झगड़े होते थे। जिससे उससे भाइयों ने अपने दोस्त के साथ मिलकर शहबाज को सबक सिखाने का फैसला किया।

**सूनसान जगह ले जाकर हत्या की**

सबक सिखाने के इरादे से मुमताज के दोनों भाई शोएब शेख, इरशाद शेख और उनका दोस्त हेमंत बिचवड़े शहबाज को रिक्शे में बैठाकर एक सूनसान जगह ले गए, जहां पर उन्होंने शहबाज के साथ मारपीट की और उसके सिर पर हथौड़े से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस को कोई सबूत न मिल सके इसलिए उन्होंने लाश को उल्हास नदी में फेंक दिया था ।

**पुलिस की पूंछताछ में जुर्म कबूल किया**

शहबाज के अचानक गायब हो जाने पर उसके पिता ने शुक्रवार को खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में शियाकत दर्ज कराई। इसके बाद सब-इंस्पेक्टर सरजेराव पाटिल ने एक टीम के साथ जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मुमताज के दोनों भाइयों और दोस्त से पूछताछ की। उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। तीनों के खिलाफ हत्या और अन्य धाराओं के तहत ऋखठ दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

# ठाणे के मानसिक अस्पताल का मरम्मत काम होगा

मुंबई। ठाणे के क्षेत्रीय मानसिक ( मनोरुग्ण) अस्पताल का मरम्मत काम किया जाएगा। इस मानसिक अस्पताल में ठेके पर काम करने वाले कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलने के आरोपों की जांच की जाएगी। यदि ठेकेदार ने नियमों का उल्लंघन किया होगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विधान परिषद में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत ने यह आश्वासन दिया। प्रश्नकाल में भाजपा सदस्य निरंजन डावखरे और भाजपा सदस्य श्रीकांत भारतीय ने राज्य के मानसिक अस्पताल में रिक्त पदों को भरने के बारे में सवाल पूछा था। डावखरे ने कहा कि अस्पताल के 90 कर्मचारियों को पिछले चार साल से नियमों के अनुसार वेतन और भत्ता नहीं मिल रहा है। इसके जवाब में सावंत ने कहा कि मानसिक रोगियों के एनजीओ द्वारा इलाज में मदद के लिए एक समिति बनाई गई है। यह समिति एनजीओ के लिए लागू मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को आसान बनाने के लिए सिफारिश करेगी। सावंत ने कहा कि ठाणे में 1 हजार 850, पुणे में 2 हजार 540, नागपुर में 940 और रत्नागिरी में 365 बिस्तर का मानसिक अस्पताल है। जबकि जालना और कोल्हापुर में 365 बिस्तर का अस्पताल शुरू है। राज्य के 36 जिला अस्पताल में मानसिक रोगियों के लिए 10 प्रतिशत बिस्तर आरक्षित किया है। राज्य के मानसिक अस्पतालों में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू है।

# बृहन्मुंबई नगर पालिका में १२ पदों पर भर्ती, १२ अगस्त तक करें आवेदन

मुंबई : बृहन्मुंबई नगर निगम चेस्ट और टीबी मेडिकल कंसल्टेंट, मनोचिकित्सक, बाल रोग विशेषज्ञ, माइक्रोबायोलॉजिस्ट के 12 रिक्त पदों पर भर्ती कर रहा है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों को 12 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया गया है। आवेदन का पता: सार्वजनिक स्वास्थ्य खाता, क्षय रोग अस्पताल समूह, शिवडी-15। अधिक जानकारी https://portal.mcgm.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# अंग्रेजों ने सोने की चिड़िया भारत को गरीब बनाया! आंकड़ों के जरिए समझिए हकीकत

## अंग्रेजों के दौर में भारत की जीडीपी में तीन गुना इजाफा हुआ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले हफ्ते इतिहासकार अंगुस मेडीसन के काम से मैंने साबित किया कि हिंदू शासनकाल (साल 1-1000) भारत का स्वर्णकाल नहीं था जैसा कि अक्सर दावा किया जाता है। एक हजार साल तक देश की जीडीपी 33.7 अरब डॉलर पर ठहरी रही। मुस्लिम शासनकाल (1000 से 1700) में देश की जीडीपी करीब तिगुनी होकर 90 अरब डॉलर पहुंची लेकिन बढ़ती आबादी के कारण इसका फायदा नहीं मिला। अब अंग्रेजों के जमाने की बात करते हैं। अपनी बेस्टसेलर किताब An Era of Darkness: The British Empire in India में शशि थरूर ने मेडीसन के काम का व्यापक हवाला दिया है।

एक शॉर्ट कॉलम में उन्हें लंबी थीसिस पर पूरी तरह से चर्चा नहीं की जा सकती है लेकिन हम इसमें मेडीसन के काम के उल्लेख पर तो बात कर ही सकते हैं। मेडीसन के मुताबिक अंग्रेजों की हुकूमत से पहले साल 1700 में दुनिया की जीडीपी में भारत की हिस्सेदारी 24.4 फीसदी थी जो 1950 में गिरकर 4.2 परसेंट रह गई। थरूर कहते हैं, इसका कारण सीधा सा है। ब्रिटेन के फायदे के लिए भारत पर राज हो रहा था। 200 साल तक ब्रिटेन के उभार की कीमत भारत से वसूल की गई।

### मेडीसन के आंकड़े

क्या मेडीसन के असली आंकड़े भारत को सपोर्ट करते हैं? साल 1700 से 1950 तक भारत की जीडीपी 90 अरब डॉलर से 222 अरब डॉलर पहुंची जो अब तक की सबसे तेज रफ्तार थी। दुनिया की जीडीपी में भारत का हिस्सा इसलिए नहीं गिरा क्योंकि वह गरीब हो गया। बल्कि इसकी वजह औद्योगिक क्रांति थी जिसके कारण दूसरे देश तेजी से आगे बढ़े। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार और अंग्रेजों की पहल पर विभिन्न रियासतों के बीच शांति से देश की आबादी 16.5 करोड़ से 35.9 करोड़ पहुंच गई। इसके उलट हिंदू शासनकाल में देश की आबादी नहीं बढ़ी। यह इस बात का प्रमाण है कि अंग्रेजी हुकूमत से पहले चीजें कितनी मुश्किल थी। क्या भारत की लो इनकम और ब्रिटेन की हाई इनकम के लिए अंग्रेजों की हुकूमत जिम्मेदार थी? मेडीसन के आंकड़े इस दावे का समर्थन नहीं करते हैं। अंग्रेजों के आने से पहले साल 1000 से 1500 तक ब्रिटेन की सालाना प्रति व्यक्ति इनकम ग्रोथ भारत की 0.04 परसेंट की तुलना में तीन गुना थी। 1500 से 1820 तक भारत की पर कैपिटा ग्रोथ निगेटिव में 0.01 परसेंट थी जबकि ब्रिटेन की 0.27 परसेंट थी। 1820 से 1870 तक ईस्ट इंडिया कंपनी की लूट चरम पर थी। इस दौरान भारत का ग्रोथ जीरो था जबकि ब्रिटेन की ग्रोथ 1.26 परसेंट थी। 1870 से 1913 तक अंग्रेजों के दौर में भारत का सालाना ग्रोथ रेट 0.54 परसेंट था जो सबसे अधिक था। लेकिन जब अंग्रेजी हुकूमत देश में अपनी आखिरी सांसें गिन रही थी तो 1913 से 1950 तक यह माइनस 0.24 परसेंट में रही। इस दौरान महामंदी ने भारत को भी प्रभावित किया और खाने-पीने की चीजों की उपलब्धता में भारी गिरावट आई।

### ब्रिटेन का हाल

ब्रिटेन की अपनी सालाना पर कैपिटा इनकम ग्रोथ 1870 से 1950 के दौर में एक परसेंट से भी नीचे चली गई। यह इस बात का संकेत है कि उसे उपनिवेश से कोई बहुत ज्यादा फायदा नहीं हुआ। 1950 से 1973 के बीच जब एक-एक करके उसने अपने उपनिवेश गंवाए तो ब्रिटेन की पर कैपिटा इनकम ग्रोथ 2.4 परसेंट के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। यह उस थीसिस के उल्टा है कि गुलाम देशों की लूट से ब्रिटेन की समृद्धि बढ़ी। इसकी ग्रोथ का कारण प्रॉडक्टिविटी में बढ़ोतरी था। उपनिवेश से उसे फायदा हुआ लेकिन ज्यादा नहीं। जहां तक भारत से ब्रिटेन तक धन के प्रवाह की बात है तो थरूर ने इसमें मेडीसन के काम का हवाला देते हैं, इसमें कोई शक नहीं है कि 190 साल तक भारत से भारी मात्रा में ब्रिटेन के लिए फाइनेंशियल फ्लो हुआ। अगर इन पैसों को भारत में ही निवेश किया जाता तो इससे बहुत बड़ा फर्क पैदा हो सकता था। यह बिल्कुल सही है। लेकिन भारत का इतिहास दिखाता है कि टैक्स रेवेन्यू को भारत में निवेश नहीं किया गया बल्कि अधिकारियों की विलासिता और लगातार हो रही लड़ाइयों पर बर्बाद किया गया। इससे कई शासक अपने सैनिकों को समय पर तनख्वाह नहीं दे पाए और लूट को प्रोत्साहन मिला। इस कारण देश की जीडीपी सुस्त चाल से बढ़ी।

### कंपनी की लूट

ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत के अमीरों को लूटा। लेकिन इससे भारत के जनमानस पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ा क्योंकि उनके लिए टैक्स में कोई बदलाव नहीं आया। अंग्रेजी हुकूमत में 40 परसेंट भारत पर रजवाड़ों का शासन था। उन्होंने अपना रेवेन्यू अंग्रेजों के हवाले नहीं किया लेकिन उनकी इकनॉमिक ग्रोथ कमजोर रही। इसमें त्रावणकोर जैसी रियासतें अपवाद रहीं। इससे साबित होता है कि टैक्स रेवेन्यू को भारत में ही रखने से आम लोगों या इकनॉमिक ग्रोथ को कोई फायदा नहीं हुआ। हैदराबाद के निजाम को दुनिया का सबसे अमीर शख्स माना जाता था लेकिन उसके शासन वाले इलाकों देश के गरीब इलाकों में थे। राष्ट्रवादी इतिहासकार मानते हैं कि अंग्रेजी हुकूमत नहीं होती तो भारत की औद्योगिक क्रांति तेजी से होती। लेकिन देश की रियासतों खासकर सबसे बड़ी रियासत हैदराबाद कुछ और ही कहानी बयां करती है।

थरूर कहते हैं कि अंग्रेजों का टैक्स बहुत ज्यादा था लेकिन मेडीसन के मुताबिक मुगलकाल में जीडीपी में किसानों के टैक्स की हिस्सेदारी 15 परसेंट थी जो अंग्रेजी हुकूमत के अंत में गिरकर तीन परसेंट रह गई। ईस्ट इंडिया कंपनी ने मुगलों की ही तरह टैक्स रखा लेकिन जब देश की कमान सीधे अंग्रेजी हुकूमत के हाथों में आई तो टैक्स को नॉमिनल टर्म्स में फिक्स किया गया। इससे किसानों पर टैक्स का बोझ कम हुआ। इससे अंग्रेजों के लिए मुनाफा खत्म हो गया। अंग्रेजों के भारत छोड़ने का यह भी एक कारण था। इस कॉलम में भारत में अंग्रेजों के शासन या थरूर की किताब का पूरा आकलन नहीं है। लेकिन इससे साबित होता है कि थरूर ने मेडीसन की किताब से केवल अपने मतलब की चीजें उठाई हैं ताकि अपनी थीसिस को मजबूत किया जा सके। मेडीसन ने भारत में ब्रितानी हुकूमत की ज्यादा आलोचना नहीं की है। उनका कहना है कि अंग्रेजी राज में भारत में सिंचाई में आठ गुना तेजी आई। इस पर बहस जारी है।

# एयरटेल के मालिक मित्तल को नहीं, बल्कि गोपाल विट्ठल को मिलती है सबसे ज्यादा सैलरी




**नई दिल्ली एजेंसी।** दिग्गज टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर गोपाल विट्ठल ने कमाई के मामले में कंपनी के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल को भी पीछे छोड़ दिया है। गोपाल विट्ठल ने वित्त वर्ष 2022-23 में सैलरी के रूप में कुल 16.84 करोड़ रुपए की कमाई की है। गोपाल विट्ठल की यह इनकम सुनील भारती मित्तल की एनुअल सैलरी 16.77 करोड़ रुपए से अधिक है। खास बात यह है कि फाइनेंशियल ईयर 2022-23 के दौरान सुनील भारती मित्तल के एनुअल पैकेज में 8.92 प्रतिशत की वृद्धि आई, जबकि गोपाल विट्ठल की कुल सैलरी में 10.39 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि, टेलीकॉम कंपनी का कहना है कि पिछले साल मित्तल की सैलरी में कोई बदलाव नहीं हुआ. यानि कि वित्त वर्ष 2021-22 में चेयरमैन मित्तल को जितनी सैलरी व जितने भत्ते मिल रहे थे, वित्त वर्ष 2022-23 में भी लगभग उतने ही मिलते रहे, इसमें कोई चेंजिंग नहीं हुई।

**कुल मेहनताना चेयरमैन मित्तल से ज्यादा हो गया:** हालांकि, फाइनेंशियल ईयर 2021-22 के दौरान सुनील भारती मित्तल की एनुअल सैलरी एमडी विट्ठल से ज्यादा थी लेकिन तब दोनों की कुल सैलरी में बहुत ज्यादा अंतर नहीं था। वित्त वर्ष 2021-22 में जहां मित्तल की कुल सैलरी 15.39 करोड़ रुपए थी, वहीं विट्ठल को कंपनी ने सैलरी के रूप में कुल 15.25 करोड़ रुपए दिए यानि कि वित्त वर्ष 2021-22 में मित्तल की सैलरी विट्ठल के मेहनताना से महज 14 लाख रुपए ही ज्यादा थी लेकिन वित्त वर्ष 2022-23 में विट्ठल सैलरी के मामले में अपनी चेयरमैन से आगे निकल गए। इसका मतलब यह हुआ कि वित्त वर्ष 2022-23 में विट्ठल की सालाना सैलरी व भत्तों में इजाफा हुआ। उनका कुल मेहनताना चेयरमैन मित्तल से ज्यादा हो गया।

कंपनी की एनुअल रिपोर्ट की मुताबिक, फाइनेंशियल ईयर 2022- 23 के दौरान विट्ठल को मेहनताना के रूप में कुल 16.84 करोड़ रुपए मिले। इसमें से उन्हें 10.09 करोड़ रुपए सैलरी और भत्ते व अन्य कंपोनेंट के रूप में दिए गए जबकि, 6.74 करोड़ रुपए उन्हें इन्सेन्टिव के रूप में मिले। हालांकि, विट्ठल को कंपनी की तरफ से कुछ अतिरिक्त सुविधाएं दी गईं। वहीं फाइनेंशियल ईयर 2022- 23 के दौरान मित्तल को मेहनताना के रूप में 16.77 करोड़ मिले। इसमें सैलरी-भत्ते के 10.06 करोड़ रुपए शामिल हैं, जबकि परफॉर्मेंस लिंक्ड इन्सेन्टिव के रूप में 4.5 करोड़ रुपए मिले। साथ ही अतिरिक्त सुविधाओं के रूप में 2.2 करोड़ रुपए दिए गए।

# सरसों में गिरावट, सूरजमुखी तेल का थोक भाव 83 लीटर, फुटकर में 145 रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को जहां सरसों तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट देखी गई, वहीं मूंगफली और सोयाबीन तेल-तिलहन, पामोलीन और बिनौला तेल कीमतें पूर्वस्तर पर बनी रहीं। बेकरी वालों की मांग के कारण कच्चा पामतेल (सीपीओ) कीमत में सुधार हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि आने वाले त्योहारों के मौसम में नरम तेलों की मांग बढ़ने की स्थिति को देखते हुए सरकार को यह ध्यान में रखना होगा कि कितनी मात्रा में अर्जेन्टीना और अन्य देशों में जुलाई महीने में नरम तेल की जहाजों पर लदान हुई है।



**135-145 रुपये लीटर के भाव बेच रहीं कंपनियां:** बजार सूत्रों के मुताबिक बड़ी कंपनियों और पैकरों के अधिक एमआरपी होने के कारण उपभोक्ताओं को तेल ऊंचे दाम में खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सूरजमुखी तेल का आयात करने में दाम 89 रुपये लीटर पड़ता है, लेकिन मांग नहीं होने के कारण रिफाइंड करने वाली कंपनियां इसे 83 रुपये लीटर के थोकभाव से बेच रही हैं। इसका अधिकतम खुदरा मूल्य 105-108 रुपये होना चाहिए, लेकिन उपभोक्ताओं को यह तेल 135-145 रुपये लीटर के दाम पर मिल रहा है। देश की एक बड़ी खाद्यतेल कंपनी ने 500 टन सीपीओ की खरीद की है, जिससे सीपीओ के भाव में सुधार आया। इसकी बेकरी बनाने वाली कंपनियों में मांग है।

# फर्जी पोस्ट के माध्यम से सरकार को बदनाम करने के विरूद्ध भाजपा नेताओं ने ज्ञापन दिया



**शेख जावेद/नर्मदापुरम।** आज यहां भारतीय जनता पार्टी विधी प्रकोष्ठ द्वारा पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम को ज्ञापन सोशल मीडिया व विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित लघु एवं मध्यम श्रेणी संविदाकार संघ के ज्ञानेन्द्र अवस्थी के वायरल पत्र में दिये गये संदर्भ की जांच कराए जाने बावत् दिया गया इस अवसर भाजपा संभागीय कार्यालय मंत्री श्री हंस राय, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, जिला कोषाध्यक्ष लोकेश तिवारी, विधी प्रकोष्ठ संभाग सह प्रभारी अजय श्रीवास्तव संभागीय सह कार्यालय प्रभारी मनोहर बड़ानी, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक दिनेश तिवारी, जिला कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित, विधी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रशांत तिवारी, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहें। शिकायत में बताया गया कि विगत दिनों में कांग्रेस की नेताओं द्वारा किये गये ट्वीट पर कुछ समाचार पत्रों की कटिंग में 50 प्रतिशत कमीशन की मांग संबंधित एक पोस्ट देखी जिसमें लिखा था कि मध्यप्रदेश में ठेकेदार के संघ ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर शिकायत की है कि प्रदेश में 50 प्रतिशत कमीशन देने का ही भुगतान मिलता है। साथ ही किसी समाचार पत्र की कटिंग शेयर की हुई थी जिसका हेडिंग ÷सोशल मीडिया पर वायरल पत्र-पेटी-कान्ट्रेक्टर की चिट्ठी, लिखा- 50 प्रतिशत कमीशन मांगा जा रहा है, जांच करो÷ लिखा हुआ था। साथ ही एक पत्र भी उस पर सलंग्न था, ÷लघु एंव मध्यम श्रेणी संविदाकार संघ के नाम से माननीय मुख्य न्यायधीश मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंड पीठ ग्वालियर को संबोधित करते हुए किसी ज्ञानेन्द्र अवस्थी नामक व्यक्ति के नाम से है। इस पत्र के विषय में जानकारी प्राप्त की गई व अपने साथियों से ज्ञानेन्द्र अवस्थी के बारे में पता किया गया तब मुझे इस प्रकार के किसी भी संघ या व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई जिससे यह संदेह होता हे कि उक्त पत्र कांग्रेस द्वारा जानमूझकर फर्जी रूप से भ्रमक आरोपों के साथ ही तैयार करवाकर योजना बद्ध तरीके विभिन्न सोशल मीडिया साइट पर वायरल किया जा रहा है ताकि मध्यप्रदेश शासन तथा भारतीय जनता पार्टी की छवि धुमिल की जा सकें।

यदि उक्त पत्र वास्तविक है तथा ज्ञानेन्द्र अवस्थी नामक वास्तव मे उपलब्ध है उस व्यक्ति के द्वारा जो आरोप लगाये गये उनकी विस्तृत जानकारी एंव दस्तावेज उक्त संध से प्राप्त कर इस प्रकार के गंभीर कदाचरण करने वाले लोगों को पर मध्यप्रदेश शासन की नीति एवं नियम अनुसार कठोरतम कार्यवाही की जा जाये अन्य था सोशल मीडिया पर उक्त भ्रमत खबर चलाने वाले व्यक्तियों जैसे कमलनाथ, प्रियांका गांधी, व अन्य शासन की छवि धुमिल करने व भारतीय जनता पार्टी की यशस्वी सरकार के विरोध जनमानस में भ्रम उत्पन्न करने वैमस्य उत्पन्न करने का प्रयास करने की वैधानिक कार्यवाही की जावे।

# अपनों के साथ सदैव खड़े रहते हैं विधायक

## घायल कार्यकर्ता को देखने पहुंचे विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा



शेख जावेद/नर्मदापुरम। नर्मदापुरम विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मेलन में पधारीं हमारी एक वृद्ध कार्यकर्ता चोटिल हो गईं थी, जिनका उपचार कार्यकर्ताओं द्वारा तत्काल कराया गया था। आज माननीय विधायक डॉ सीतासरन शर्मा जी ने नर्मदापुरम के वार्ड 13 स्थित कार्यकर्त्ता के आवास पर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। उनके उपचार हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि श्री महेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष श्री भूपेंद्र चौकसे, मंडल अध्यक्ष श्री सागर शिवहरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री अभय वर्मा, श्री पंकज पांडेय, श्री अर्पित मालवी एवं श्री अतुल भंडारी उपस्थित रहें।

# जन्मदिन पर 18 साल के प्रगनाननंदा का कमाल, विश्व के नंबर दो खिलाड़ी नाकामुरा को हराया

**बाकू, एजेंसी**

भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रगनाननंदा ने शुक्रवार को यहां फिडे विश्वकप कप शतरंत टूर्नामेंट में विश्व के नंबर दो खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हरा दिया। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने दोनों रैपिड मुकाबले जीतकर टूर्नामेंट के अंतिम-16 में प्रवेश किया। नाकामुरा को इस टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता भी मिली हुई थी। दो क्लासिकल गेमों के ड्रॉ के बाद 18 साल के ग्रैंडमास्टर ने टाई-ब्रेक मुकाबले में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर को हरा दिया। प्रगनाननंदा ने गुरुवार को अपना जन्मदिन मनाया था।

पांच बार के विश्व चैंपियन और भारत के दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने प्रगनाननंदा की तारीफ की। उन्होंने कहा, %प्रगनाननंदा ने कर दिखाया। नाकामुरा को हराना आसान नहीं है। प्रगनाननंदा ने शानदार प्रदर्शन किया है।% प्रगनाननंदा ने अंतिम-16 में डी गुकेश के साथ जगह बनाई। डी गुकेश ने एंड्री एसिपेंको को बाहर कर दिया।

प्रगनाननंदा अंतिम-16 में हंगरी के ग्रैंडमास्टर फेरेंस बर्केस के खिलाफ खेलेंगे। हालांकि, अन्य भारतीय निहाल सरीन टूर्नामेंट से बाहर हो गए। वह चौथे दौर में इयान से टाई-ब्रेक मुकाबले में हार गए। भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती और अर्जुन पहले ही अंतिम-16 में जगह पक्की कर चुके हैं।



# मैच के दौरान बाहर से कोचिंग नहीं करता: फुल्टन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने एशियाई चैंपियन ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जापान पर मिली जीत के बाद कहा कि वो मैच के दौरान बाहर से खिलाड़ियों को निर्देश देना पसंद नहीं करते और ट्रेनिंग के दौरान ही खिलाड़ियों ही जानकारी देने को तरजीह देते हैं।

भारत ने शनिवार को यहां अंतिम चार में जापान को 5-0 से रौंद दिया और उसका सामना यहां खिताबी भिड़ंत के लिए मलेशिया से होगा। जापान के खिलाफ बड़ी जीत के बाद फुल्टन ने कहा, मैं मैच के दौरान बाहर से ज्यादा कोचिंग नहीं देता लेकिन ट्रेनिंग के दौरान काफी कोचिंग देता हूं। क्योंकि ट्रेनिंग के दौरान ही सिखाया जाता है। हो सकता है कि मैच के दौरान कुछ चीजें बदलनी हों लेकर इस पर फैसला करना सीनियर खिलाड़ियों का ही काम है।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भी टीम में फुल्टन द्वारा लाए गए बदलावों की प्रशंसा की। उन्होंने शुक्रवार को मैत के बाद कहा, प्रत्येक कोच की मानसिकता अलग होती है। हमारे पहले के कोच काफी अच्छे रहे। यहां तक कि वो फुल्टन भी काफी अच्छे हैं। प्रत्येक कोच टीम की बेहतरी के बारे में सोचता है।



भारतीय कप्तान ने कहा, वो अच्छा काम कर रहे हैं। हमने अपनी टीम में काफी सरंचनात्मक बदलाव किए हैं और इतने कम समय से ये बदलाव लाना हमारे लिए काफी सकारात्मक चीज है। इसका पूरा श्रेय उन्हें जाता है। हरमनप्रीत ने साथ ही कहा कि फाइनल में सफलता के लिए रक्षात्मक पंक्ति का मजबूत रहना और मौकों को गोल में बदलना अहम होगा।

साथ ही हमनप्नीत ने कहा, ''फाइनल में पहुंचना बड़ी उपलब्धि है जो लीग मैचों की तुलना में पूरी तरह अलग होगा। हमारा प्रदर्शन अच्छा था और हम अपनी योजना के अनुसार खेले थे। हमने रणनीति के अनुसार मौके भी बनाये थे।

# रायुडू ने सीपीएल से पहले सेंट् किट्स एवं नेविस पैट्रियट्स से करार किया

**नई दिल्ली।** भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायडू मेंस कैरिबियन प्रीमियर लीग में खेलने वाले दूसरे भारतीय बन सकते हैं। सीपीएल लीग की फ्रेंचाइजी सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स ने उन्हें मार्की प्लेयर के रूप में शामिल किया है। बता दें कि, रायडू आईपीएल 2023 में सीएसके का हिस्सा थे जिसके बाद उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी थी। रायुडू ने सेंट किट्स एवं नेविस पैट्रियट्स टीम से 'मार्की' खिलाड़ी के तौर पर करार किया है। बता दें कि, आईपीएल के बाद रायडू ने संन्यास की घोषणा की थी। उसके बाद कयास लगाए जा रहे थे कि वो राजनीति में कदम रखेंगे। लेकिन उसके बाद अमेरिका में हुई क्रिकेट लीग की फ्रेंचाइजी टेक्सास सुपर किंग्स ने उन्हें अपने दल में शामिल किए जाने की घोषणा की। ये फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स की ही है, लेकिन लीग शुरू होने से 5 दिन पहले ही उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया। इसके पीछे के लिए कारण ये था कि, भारतीय खिलाड़ी को रिटायरमेंट के 1 साल बाद तक कूलिंग ऑफ पीरियड का समय बिताना होता है। इसके बाद ही वो अन्य क्रिकेट लीग में खेल सकता है। हालांकि बीसीसीआई ने अभी तक इस पर फैसला नहीं किया है। अगर रायुडू को मैच में खेलने का मौका मिलता है तो वह प्रवीण ताम्बे के बाद सीपीएल में खेलने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन जायेंगे।






# बिहार की बेटी जाह्नवी को,माता-पिता सहित राष्ट्रपति का बुलावा...

**अफजल शैख**

मुजफ्फरपुर जिले के कटरा प्रखंड अंतर्गत अम्मा निवासी संयुक्त राष्ट्र संघ,अमेरिका मे प्रतिनिधि समाजसेवी संतोष कुमार व अर्चना की पुत्री,लेखिका,मिस टीन ईण्डिया व महिला सशक्तिकरण कार्यकर्ता जाह्नवी को माता-पिता सहित आगामी 30 अगस्त को भारत की राष्ट्रपति द्वारा रछा बंधन के अवसर पर बुलावा आया है,इसकी सूचना ई-मेल के माध्यम से राष्ट्रपति के निजी सचिव द्वारा भेजी गयी है.विदित हो कि जाह्नवी 16 वर्ष तक के उम्र मे ही लैंगिक समानता,पीरियड्स,सेक्सुअल राईट्स जैसे गंभीर मुद्दो पर काफी मुखर है,जिस कारण संयुक्त राष्ट्र फाऊण्डेशन,अमेरिका द्वारा लगातार तीन वर्षो तक सम्मानित हुई है,साथ ही जेन्डर इक्वलिटी व पीरियड्स पर पुस्तकों की लेखिका भी.इन विषयों पर आधारित लगभग 150 स्थानीय/अंतर्राष्ट्रीय बैठकों मे भाग लेने के अलावा संयुक्त राष्ट्र फाऊण्डेशन व नेल्सन मंडेला के सिद्धान्तो पर कार्यरत वैश्विक मंच से स्पीकर भी रह चुकी है,भारत विकास परिषद् ने भी मानद् सदस्य के रूप मे जाह्नवी को स्थान दिया है.राष्ट्रपति कार्यालय का पत्र प्राप्त होते ही पूरे परिवार व सगे-संबंधियों मे खुशी की लहर दौर गई.माता अर्चना ने बताया कि परिवार मे यह दूसरा बड़ा मौका है,जब हमलोग खुशी के आंसू रोक नही पाए. इससे पूर्व यह स्थिति तब बनी थी,जब संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय,अमेरिका के सत्र मे भाग लेने हेतू संतोष कुमार को बुलावा आया था और गये भी थे.एक साधारण गांव से उठकर अमेरिका स्थित संयुक्त राष्ट्र और अब महामहिम के भवन तक की यात्रा हम जैसे साधारण परिवार के लिए बहुत बड़ी बात है.जाह्नवी जब पीरियड्स,यौन अधिकार,पैड,लैंगिक समानता विष्यों पर काम करना प्रारंभ की थी,तब कइयों का ताना सुनना पड़ता था कि ये इन विषयों पर लड़की होकर गांव-समाज मे क्यों बोलती है,लेकिन उसने सबकी अनसुनी करते हुए वैश्विक स्तर पर अलख जगाना नही छोड़ा और आज उसी का परिणाम है कि राष्ट्रपति महोदया द्वारा मिलने का समय मिला है.

पूरे परिवार की इस उपलब्धि पर बधाई देने वालों मे सी०ए० अरूण कुमार सिंह ,चिक्का फेडरेशन ऑफ ईण्डिया के डा० कौशल कुमार सिंह ,अधिवक्ता पंकज कुमार,यंगेस्ट सी०ई०ओ० सूर्यांश, समाजसेवी बिनोद बिनुराज सिंह ,अनीता कुमारी,कुमार अनूप अनुराग,रजनीकांत सिंह ,बालेश्वर प्रसाद,चन्द्रभूषण प्रसाद सिंह आदि शामिल हैं.

# विक्की कौशल के साथ ‘द ग्रेट इंडियन फैमिली’ में नजर आएगी मानुषी, इस दिन होगी रिलीज



बॉलीवुड पर्दे पर पिछले कुछ सालों से एक के एक बाद एक फैमिली ड्रामा बेस्ड फिल्में रिलीज हो रही हैं। ऐसे में अब एक्टर विक्की कौशल और मानुषी छिल्लर भी दर्शकों के लिए इसी तरह की एक फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है ‘द ग्रेट इंडियन फैमिली’ यशराज प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म की पहली झलक सामने आ गई है, जो आपको हर दूसरी फैमिली फिल्म की याद दिलाती है। विक्की कौशल इस समय काफी बुलंदियों पर हैं, जिनकी पिछली फिल्म जरा हटके जरा बचके भी बॉक्स-ऑफिस पर हिट रही थी। अब वे इस फैमिली एंटरटेनर में मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। हिंदी हार्टलैंड में दिखायी यह कहानी उस दीवानगी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी वजह से विक्की के परिवार में कुछ घटनाएं होने लगती हैं, जिन पर किसी का बस नहीं चलता है।


विक्की ने सोमवार को मूवी का एक मजेदार वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। वीडियो में विक्की कहते हैं कि यह कहना कितना अच्छा लगता है कि परिवार अच्छा है, लेकिन उनका परिवार सांपों से भरा है। हालांकि, इस वीडियो में मानुषी छिल्लर नजर नहीं आई हैं। निमार्ताओं ने एक पोस्टर भी जारी किया, जिसमें पूरी कास्ट मनोज पाहवा, कुमुद मिश्रा, सादिया सिद्दीकी, अलका अमीन और सृष्टि दीक्षित शामिल हैं।

# ‘कुर्बान हुई इस मिट्टी में’ की रिलीज आज

**स्वतंत्रता** दिवस के अवसर पर भारत देश की सबसे बड़ी म्यूजिक कंपनी टी सीरीज 14 अगस्त को एक देशभक्ति गीत ‘कुर्बान हुई इस मिट्टी में’ रिलीज करने जा रही है। यह गीत समस्त देशवासियों के लिए एक तोहफा होगा। देश की शान तिरंगा और सैनिकों को समर्पित यह अलबम निश्चित रूप से लोगों के दिलों में जगह बनाएगा। इस गीत के वीडियो में अभिनेता रुद्र कुमार एक फौजी की भूमिका में दिखाई देंगे और उनके साथ माही सिंह, आशीष भी हैं। गीत के बोल राघवेंद्र त्रिपाठी ने लिखे हैं जिसे कृष्णा बेउरा ने गाया है वहीं रिकी ने संगीत से सजाया है। वीडियो के डायरेक्टर आलोक मसीह हैं। इस गीत के पोस्टर को भजन सम्राट अनूप जलोटा ने लॉन्च किया है। देशभक्ति से ओतप्रोत यह गीत सनातन भूमि भारत के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीरों और देश की आज़ादी की लड़ाई लड़ने वाले अनगिनत शहीदों को समर्पित है। बन्दा बैरागी, राणा, गुरु तेगबहादुर, भगतसिंह, राजगुरु जैसे वीर हुतात्माओं के अलावा वीरांगना ऊदा देवी, लक्ष्मी बाई को भी इस गीत के द्वारा श्रद्धांजलि दिया गया है।



# कार्तिक को हासिल हुई बड़ी जीत



पिछले साल जब भूल भुलैया 2 रिलीज हुई थी तो मुझे लगता है कि वह एक ऐसी फिल्म थी जिसने सचमुच महामारी के बाद सिनेमाघरों को खोला था और मैं भूल भुलैया 2 की पूरी टीम के लिए खुश और आभारी हूं और इस साल फिर से सत्यप्रेम की कथा एक और सफलता थी, जिसके लिए मैं फिर से वास्तव में पूरी टीम का आभारी हूं और इस अवॉर्ड के लिए भी, मैं सभी फिल्म मेकर्स, मेरी सभी फिल्मों के सभी सदस्यों को समर्पित करना चाहूंगा जो वास्तव में इस सफर का हिस्सा रहे हैं और मैं एक बात और कहना चाहूंगा कि ये जो अवॉर्ड है ये सिर्फ मेरा नहीं वास्तव में बोलू तो ये आप सबका है जो इंडिया से इतना दूर रहे कि हमारी फिल्मों को यहां पर देख रहे हैं। असल में ग्लोबल सुपरस्टार आप सबलोग हैं या जिस तरह से आपने हमारे कल्चर को इंटैक्ट रखा है यहां पे सो, थैंक्यू ताकि हम आप लोगों के लिए यह सब कर सकें और बॉलीवुड को घर से दूर जिंदा रखने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद और आप सभी को धन्यवाद, बहुत बहुत धन्यवाद ।₹ बता दें, कार्तिक आर्यन उन युवा सुपरस्टारों में से एक हैं, जिनकी फिल्में महामारी से पहले बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही थीं और महामारी के बाद भी वह एकमात्र मेल सुपरस्टार थे, जिन्होंने अपनी सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर ₹भूल भुलैया 2₹ के साथ हिंदी बॉक्स ऑफिस के बुरे दौर को खत्म किया और बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट फिल्मों की एक बैलेंस स्ट्रीक के साथ कार्तिक आर्यन की लोकप्रियता ग्लोबल लेवर तक पहुंच गई है और उनकी फिल्में इंटरनेशनल मार्केट्स में भी खूब कमाई कर रही हैं, कार्तिक की लोकप्रियता का उदाहरण इस साल तब देखा गया जब वह होली सेलिब्रेशन के लिए डलास गए और वहां लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

# अनन्या का किलर लुक



एक्ट्रेस अनन्या पांडे इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म में वो एक्टर आयुष्मान खुराना के साथ नजर आएंगी। ऐसे में रिलीजिंग से पहले अनन्या अपनी फिल्म के प्रमोशन में जुट गई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस को ड्रीम गर्ल 2 की प्रमोशन के दौरान मुंबई में स्पॉट किया गया, जहां वह साड़ी लुक से फैंस का दिल जीतती नजर आईं। अब एक्ट्रेस की ये फोटोज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो इस दौरान अनन्या पांडे स्काइ-ब्लू कलर की साड़ी में बेहद किलर लगीं। साड़ी के साथ एक्ट्रेस ने डीप नेक ब्लाउज पहना। नेक पर रेड चोकर और लो बन से अनन्या ने अपने लुक को कंप्लीट किया और कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक जबरदस्त पोज देती दिखीं। फैंस को अनन्या का ये लुक काफी पसंद आ रहा है। काम की बात करें तो अनन्या पांडे की फिल्म 'ड्रीम गर्ल 2' इसी महीने 25 अगस्त को रिलीज होगी।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com